दिनांक-25फरवरी2020
स्वच्छ भारत अभियान
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

अमृत मिशन के तहत इंटरकनेक्शन का कार्य तीन स्थलों पर है जारी , निगम के अधिकारी कर रहे हैं सतत मानिटरिंग

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत अमृत मिशन के तहत तीन स्थानों पर एक साथ इंटरकनेक्शन करने का कार्य किया जा रहा है! रूआबांधा पानी टंकी के समीप , 77 एमएलडी के समीप तथा स्लॉटर हाउस पानी टंकी के सामने इंटरकनेक्शन के लिए गड्ढा किया जा चुका है तथा वाल्व लगाने का कार्य प्रगति पर है! 77 एमएलडी के समीप टी जंक्शन को वाल्व के समेत जोड़ दिया गया है , पाइप की कटिंग भी की जा चुकी है , अब पाइप के मध्य फिटिंग का कार्य किया जा रहा है , स्लॉटर हाउस के समीप गड्ढा खोदकर पाइप की कटिंग की जा चुकी है जिसमें टी आकृति एवं वाल्व स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है इसी तरह रुवाबांधा में भी इंटरकनेक्शन का कार्य प्रगति पर है , सोमवार को हुई बारिश के कारण जल भराव होने पर पानी की निकासी की जा चुकी है ताकि कार्य में कोई अवरोध उत्पन्न न हो! तीनों स्थलों पर एक साथ कर्मचारियों को कार्य पर लगाया गया है सभी स्थानों पर सुचारू रूप से कार्य करने के लिए जेसीबी मौजूद है तथा निगम के अधिकारी कार्य का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर निर्देश दे रहे है! वैकल्पिक व्यवस्था के तहत विभिन्न संसाधनों से जल प्रदाय किया जा रहा है! बता दें कि मेन राइजिंग पाइप लाइन से टंकियों को जोड़ने के लिए इंटरकनेक्शन का कार्य किया जा रहा है जिसके लिए जल शोधन संयंत्र से जल प्रदाय कुछ दिनों के लिए बधित की गई ताकि भविष्य में सुचारू रूप से जल प्रदाय हो सके! शटडाउन के दौरान 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट के फिल्टर बेड , ऐरीएशन चेंबर, मेन चैनल की सफाई तथा शिवनाथ इंटकवेल आदि में जरूरत के मुताबिक आईल एवं ग्रीसिंग की जा रही है! नई टंकियों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है जिसके तहत इंटरकनेक्शन के कार्य में वाल्व के फिटिंग के बाद कंक्रीट से जाम किया जाना है, देर रात तक भी कार्य किया जा रहा है ताकि निश्चित समयावधि में कार्य पूर्ण हो सके व शहर को शीघ्र ही जल प्रदाय किया जा सके!

जनसंपर्क अधिकारी